# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## सत्रांत परीक्षा, सत्र- 2025-26

### कक्षा: 7 , विषय: हिंदी

### भाग -1 (साहित्य एवं व्याकरण), सेट-'ए'

**दिन व दिनांक: शुक्रवार-मार्च 13, 2026**

**अधिकतम अंक: 40** **समय सीमा: 1 घंटा**

**नाम: ________________** **अनुक्रमांक: ________**

---

*सामान्य निर्देश -*

*i) इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ-8, प्रश्नों की संख्या-8 तथा उप प्रश्नों की संख्या 40 है|*

*ii) प्रश्न-1 के लिए 7 अंक , प्रश्न-2 के लिए 5 अंक , प्रश्न 3 के लिए 6 अंक, प्रश्न 4 के लिए 10 अंक तथा प्रश्न 5 के लिए 5 अंक ,प्रश्न 6 के लिए 2 अंक, प्रश्न 7 के लिए 2 अंक, प्रश्न 8 के लिए 3 अंक निर्धारित हैं ।*

*iii) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*iv) प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए ।*

## खंड 'क' अपठित गद्यांश एवं पठित काव्यांश

## अपठित गद्यांश (7अंक)

**प्रश्न1)** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न 1-4 के लिए उचित विकल्प चुनें तथा प्रश्न 5&6 का उत्तर लिखें - **(1×7=7)**

**पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होते हैं। यहाँ हर विषय की पुस्तकें आसानी से मिल जाती हैं। एक अच्छा पुस्तकालय विद्यार्थी के लिए वरदान के समान है। पुस्तकों के निरंतर अध्ययन से न केवल हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि हमारी सोचने-समझने की शक्ति भी बढ़ती है। महान विचारकों का मानना है कि पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र होती हैं, क्योंकि वे निस्वार्थ भाव से हमें सही मार्ग दिखाती हैं। पुस्तकालय हमें न केवल साक्षर बनाते हैं, बल्कि हमारे चरित्र निर्माण में भी सहायक होते हैं। यहाँ उपलब्ध महापुरुषों की जीवनियाँ हमें संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा देती हैं। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से हम दुनिया भर में हो रही हलचलों से अवगत रहते हैं। आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकालयों का महत्त्व कम नहीं हुआ है। शांत वातावरण में बैठकर पढ़ना ध्यान को बढ़ाता है। अतः हमें नियमित रूप से पुस्तकालय जाने की आदत डालनी चाहिए ताकि हम नए विचारों और जानकारियों से जुड़ सकें ।**

i) पुस्तकालय को किसका भंडार कहा गया है? (1)

(क) धन का

(ख) ज्ञान का

(ग) खेलों का

(घ) मित्रों का

ii) पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र क्यों हैं? (1)

(क) क्योंकि वे महँगी होती हैं।

(ख) क्योंकि वे निस्वार्थ भाव से सही मार्ग दिखाती हैं।

(ग) क्योंकि वे सुंदर दिखती हैं।

(घ) क्योंकि उनमें चित्र होते हैं।

iii) 'नियमित' शब्द का सही विलोम क्या होगा? (1)

(क) नियत

(ख) अनियंत्रित

(ग) अनियमित

(घ) नियम

iv) नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1)

- कथन - पुस्तकालय हमारे चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं।
- कारण - वहाँ उपलब्ध महापुरुषों की जीवनियाँ हमें प्रेरित करती हैं।

(क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

(ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

(ग) कथन सत्य है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है |

v) हम दुनिया भर की हलचलों से कैसे अवगत रह सकते हैं? (1)

उत्तर ------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

vi) डिजिटल युग में भी पुस्तकालयों का महत्त्व क्यों बना हुआ है? (2)

उत्तर ----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------

## पठित काव्यांश (5)

**प्रश्न2)** दिए गए पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - (1×5=5)

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुँडेरे पर खड़ा,
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।
झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी,
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

**i)** तिनका गिरने से पहले कवि की मानसिक स्थिति कैसी थी? (1)

(क) वह बहुत दुखी और अकेला था।
(ख) वह अहंकार और गर्व से भरा हुआ था।
(ग) वह प्रकृति के सौंदर्य को निहार रहा था।
(घ) वह किसी गहरी चिंता में डूबा था।

**ii)** 'ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी'– इस पंक्ति का भाव क्या है? (1)

(क) कवि का घमंड एक पल में चूर-चूर हो गया।
(ख) तिनका आँख से निकलकर भाग गया।
(ग) मदद करने वाले लोग भाग गए।
(घ) कवि दर्द के मारे छत से नीचे भाग गया।

**iii)** आँख में तिनका गिरने पर लोगों ने कवि की सहायता किस प्रकार की? (1)

(क) उन्होंने कवि को ठंडा पानी पिलाया।
(ख) उन्होंने डॉक्टर को तुरंत फोन किया।
(ग) उन्होंने कपड़े की नोक (मूँठ) से आँख का दर्द कम करने का प्रयास किया।
(घ) उन्होंने कवि को आँखें जोर से मलने की सलाह दी।

iv) तिनका गिरने के बाद कवि की शारीरिक दशा क्या हुई? (1)

(क) उसे नींद आने लगी।

(ख) वह बहुत खुश हो गया।

(ग) उसकी आँख लाल हो गई और वह दर्द से बेचैन हो उठा।

(घ) उसे दिखाई देना बंद हो गया।

v) 'एक तिनका' कविता के कवि का नाम क्या है? (1)

(क) सुमित्रानंदन पंत

(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(घ) भवानी प्रसाद मिश्र

## खंड 'ख'- व्याकरण 28 अंक

प्रश्न3) निर्देशानुसार उत्तर लिखें - (1×6=6)

i) मेरा मित्र आज मेरे घर आ रहा है | (भूतकाल में लिखें)

उत्तर ..........................................................................................

ii) वह <u>तेज़</u> दौड़ता है। ( रेखांकित शब्द विशेषण है या क्रियाविशेषण )

उत्तर ..........................................................................................

iii) घी के दीये जलाना - ( मुहावरे का अर्थ लिखें)

उत्तर ..........................................................................................

iv) वार्षिक (एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए )

उत्तर ..........................................................................................

v) 'नवरत्न' ( समास विग्रह कर समास का नाम बताएँ )

उत्तर ..........................................................................................

vi) जलवायु (प्रयुक्त समास का नाम बताइए)

उत्तर ..................................................................................................

प्रश्न4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए - (1×10=10)

i) चिकित्सक ने रोगी की सेवा की | वाक्य में क्रिया का कौन - सा भेद प्रयुक्त है? (1)

क) अकर्मक

ख) सकर्मक

ग) रीतिवाचक

घ) संख्यावाचक

ii) सुकरात सबकी समस्याएँ सुलझाते थे | वाक्य में प्रयुक्त क्रिया तथा काल का उचित विकल्प कौन - सा है? (1)

क) थे , भविष्य काल

ख) समस्याएँ , वर्तमान काल

ग) सुलझाते थे , भूतकाल

घ) सुकरात , वर्तमान काल

iii) 'भानूदय' में कौन - सी संधि है? (1)

क) गुण संधि

ख) वृद्धि संधि

ग) दीर्घ संधि

घ) अयादि संधि

iv) 'भारी वर्षा के कारण बच्चों को मैदान के बजाए कक्षा के भीतर ही बैठकर चित्रकारी करनी पड़ी।' वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण है- (1)

क) वर्षा के कारण

ख) कक्षा के भीतर ही

ग) बच्चों को

घ) चित्रकारी

v) कक्षा में <u>कुछ</u> विद्यार्थी अनुपस्थित हैं | रेखांकित शब्द विशेषण के कौन-से भेद हैं? (1)

क) गुणवाचक

ख) परिमाणवाचक

ग) सार्वनामिक विशेषण

घ) संख्यावाचक विशेषण

vi) दिए गए विकल्पों में से 'हिमालय' का सही संधि विच्छेद कौन - सा है? (1)

क) हिम + आलय

ख) हिमा + लय
ग) हि + मालय
घ) हिमा + आलय

vii) गायिका के ________________ गीत ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया | रिक्त स्थान में उचित विशेषण भरिए| (1)

क) मधुर
ख) थोड़ा
ग) कई
घ) पाँच

viii) भारतीय सेना शत्रु सेना के ---------------------- में पूरी तरह समर्थ है| उचित मुहावरा चुनकर वाक्य पूरा करें- (1)

क) दिन-रात एक करना
ख) हाथ- पैर मारना
ग) अपनी दाल - सब्ज़ी अलग पकाना
घ) दाँत खट्टे करना
ङ)

ix) 'नवरात्रि' सामासिक शब्द का सही समास विग्रह और समास का नाम वाला विकल्प चुनिए- (1)

क) नौ रातों का समूह , द्विगु समास
ख) नई रातों का समूह , द्विगु समास
ग) नौ रातों का समूह , द्वंद्व समास
घ) नौ रातों के लिए , तत्पुरुष समास

x) आगरा में अनेक प्राचीन इमारतें हैं | वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है - (1)

क) आगरा
ख) प्राचीन
ग) इमारतें
घ) हैं

प्रश्न5) नीचे दिए गए सही युग्मों (जोड़ों) की पहचान कर उचित विकल्प चुनिए - (5)

i) . कथन - जो समय चल रहा है वह वर्तमान काल है | (1)

. कारण -‘ रमन बाज़ार गया था ‘ यहाँ वर्तमान काल है |

क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

ख) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है|

ग) कथन सत्य है लेकिन कारण गलत हैं|

घ) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

ii) (1)

| | | |
|---|---|---|
| क) वह कल मेरे घर आएगा \| | - | भविष्यत काल |
| ख) सोनम विद्यालय जाएगी \| | - | सकर्मक क्रिया |
| ग) वह खेलेगा \| | - | सकर्मक क्रिया |
| घ) रोहन जल्दी सो गया \| | - | वर्तमान काल |

1) क और ग सही हैं|
2) केवल क सही है|
3) क, ख और घ सही हैं|
4) ग और घ सही हैं|

iii) (1)

| | | |
|---|---|---|
| क) देशवासी | - | देश में वासी |
| ख) गुण - दोष | - | गुण तथा दोष |
| ग) चतुर्भुज | - | चार भुजाओं का समूह |
| घ) त्रिलोक | - | तीनों लोकों के स्वामी |

1) क और ख सही हैं|
2) केवल ख तथा ग सही हैं|
3) क, ख और ग सही हैं|
4) ग और घ सही हैं|

iv) निम्नलिखित अनेक शब्दों को उनके एक शब्द से मिलाइए- (.5x4=2)

| | (क) | (ख) |
|---|---|---|
| क. | ईश्वर पर विश्वास न रखने वाला | अजातशत्रु |
| ख. | ऊपर कहा गया | दूरदर्शी |

ग. बहुत दूर की देखने वाला नास्तिक

घ. जिसका कोई शत्रु न हो उपर्युक्त

प्रश्न6) दिए गए मुहावरों में से <u>किन्हीं दो</u> मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करें - (1×2=2)

लोहा मानना , चेहरा खिल उठना , पेट में खलबली मचना , मुँह में पानी आना

उत्तर

1.------------------------------------------ ------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------

2..------------------------------------------ ------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न7) नीचे दी गई पंक्तियों में उचित विराम चिह्न लगाइए - (.5x4=2)

1. सुख दुख तो जीवन का हिस्सा है

2. पिताजी ने कहा सदा सत्य बोलो

प्रश्न8) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए- (1x3=3)

i) मैं प्रात:काल के समय पढ़ता हूँ | (1)

_______________________________________________

ii) भारत में अनेकों राज्य हैं | (1)

_______________________________________________

iii) मेरे को कुछ याद नहीं आ रहा | (1)

_______________________________________________